दिन—शुक्रवार                                                                 दिनांक— 24 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से।                                                      अवधि — 15 मिनट

---

01. पूर्व मुख्यमंत्री और भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की एक सौ एकवीं जयंती आज। समस्तीपुर के कर्पूरी ग्राम में आयोजित कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ होंगे शामिल।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने वाले एनसीसी कैडेटों, स्वयंसेवियों, कलाकारों और जनजातीय समुदाय के अतिथियों से मुलाकात करेंगे।

03. पटना में आज हो रहा है एक दिवसीय स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव का आयोजन। ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज विजेंद्र सिंह समेत खेल जगत की कई जानी—मानी हस्तियां होंगी शामिल।

04. और, उत्तर बिहार के कुछ हिस्सों में आज सुबह हल्की बारिश होने से ठंड में बढ़ोतरी।

———————————————————————————

पूर्व मुख्यमंत्री और भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर को उनकी एक सौ एकवीं जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद किया जा रहा है। इस अवसर पर समस्तीपुर के कर्पूरी ग्राम में आयोजित जयंती समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शामिल होंगे। समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय समेत कई गणमान्य लोग शामिल होंगे। इस अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से।

———बाइट———

इधर, पटना स्थित विधान मंडल परिसर में आयोजित राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने वाले एनसीसी और युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम के कैडेटों, स्वयंसेवियों, कलाकारों तथा जनजातीय समुदाय के अतिथियों से मुलाकात करेंगे। एक रिपोर्ट..

———रिपोर्ट———

गणतंत्र दिवस पर बिहार की झांकी में ज्ञान और शांति की परंपरा को प्रदर्शित किया जाएगा। झांकी में पुर्नस्थापित नालंदा विश्वविद्यालय के माध्यम से बिहार में प्राचीन विरासत के संरक्षण के लिए किये जा रहे प्रयासों और राजगीर स्थित घोड़ा–कटोरा जलाशय में स्थापित भगवान बुद्ध की प्रतिमा को जगह दी गयी है।

————————————————————————————

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येशो नाइक आज बांका आ रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि श्री नाईक जिले में तीन दिवसीय प्रवास के दौरान विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा के साथ ही आम लोगों के साथ संवाद करेंगे। एक रिपोर्ट....

——रिपोर्ट———

केंद्रीय मंत्री आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे। श्री नाइक पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, डिजिटल लाईब्रेरी और कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र समेत अन्य जगहों का निरीक्षण करेंगे। केंद्रीय मंत्री का पीएम आवास योजना के लाभुकों के साथ संवाद का भी कार्यक्रम है। श्री नाईक छब्बीस जनवरी को स्थानीय आरएमके मैदान में गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेंगे। साथ ही वे अपने प्रवास के दौरान आम लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भी मुलाकात करेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए बांका से बिदुशेखर।

————————————————————————————

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने उच्च शिक्षण संस्थानों के छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए ई समाधान पोर्टल की शुरुआत की है। इस पोर्टल के माध्यम से कोई भी छात्र ऑनलाइन अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। आयोग के अनुसार शिकायत मिलते ही उसे तुरंत संबंधित विश्वविद्यालय और महाविद्यालय को भेजा जाएगा। संबंधित विश्वविद्यालय और महाविद्यालय को बीस दिनों में समस्या का समाधान करना होगा।

————————————————————————————

खेल विभाग और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण की ओर से आज पटना में एक दिवसीय स्पोट्‌र्स कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी इस कॉन्क्लेव का उद्‌घाटन करेंगे। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कॉन्क्लेव के समापन पर प्रतिभागियों को सम्मानित करेंगे। इस आयोजन में ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज विजेंद्र सिंह, पैरालंपिक एथलीट शरद कुमार और तीरंदाज डोला बनर्जी समेत खेल जगत की कई जानी–मानी हस्तियां शामिल होंगी। मुक्केबाज विजेंद्र सिंह ने कहा कि कॉन्क्लेव को लेकर वे बेहद उत्साहित हैं।

———बाइट———

————————————————————————————

और अब खबरें महाकुंभ से.......

———म्यूजिक———

महाकुंभ में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु और तीर्थयात्री प्रयागराज पहुंच रहे हैं। महाकुंभ के दौरान अब तक दस करोड़ इक्कीस लाख से अधिक श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। इस महीने की तेरह तारीख से शुरू हुआ पैंतालीस दिवसीय महाकुंभ छब्बीस फरवरी तक जारी रहेगा। ब्यौरा हमारे संवाददाता से..

———रिपोर्ट———

————————————————————————————

उत्तर बिहार के कुछ हिस्सों में आज सुबह हल्की बारिश हुयी है। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, अररिया और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी होने से ठंड में बढ़ोतरी हुयी है। इधर, मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले दो दिनों के बाद तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की और कमी हो सकती है।

———बाइट———

————————————————————————————

सारण जिले के मशरक मद्य निषेध थाना में शराब पार्टी करने के मामले में थानाध्यक्ष सुनील कुमार, दारोगा कुंदन कुमार और सिपाही संतोष कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक कुमार आशीष ने बताया कि उत्पाद थाने में पार्टी

की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने पांच लीटर शराब भी बरामद की है। उन्होंने बताया कि इस मामले में गिरफ्तार तीनों उत्पाद कर्मी समेत छह को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही इन सभी पर प्राथमिकी भी दर्ज कराई गयी है।

———————————————————————————————

प्रवर्तन निदेशालय ने रेलवे दावा घोटाले में पटना से तीन अधिवक्ताओं परमानंद सिंह, विद्यानंद सिंह और विजय कुमार को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अधिवक्ताओं पर आपराधिक साजिश कर आकस्मिक मृत्यु का दावा निपटाने का आरोप है।

———————————————————————————————

पटना के मोकामा के पंचमहला थाना क्षेत्र अंतर्गत नौरंगा जलालपुर गांव में पूर्व विधायक अनंत कुमार सिंह और सोनू–मोनू गिरोह के बीच हुई गोलीबारी के मामले में अब तक तीन प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दो प्राथमिकी में अनंत सिंह मुख्य अभियुक्त बनाए गये हैं। वहीं, सोनू–मोनू पर साठ लाख रूपये रंगदारी मांगने और घर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए एक प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है।

———————————————————————————————

पटना स्थित एटीएस की विशेष अदालत ने बांग्लादेश के दो नागरिकों खैरूल मंडल और अबु सुल्तान को फर्जीवाड़ा और विदेशी कानून के तहत दोषी करार दिया है। सजा के बिंदु पर आज सुनवाई होगी। इन दोनों को पटना जंक्शन के पास से फर्जी कागजात के साथ गिरफ्तार किया गया था।

———————————————————————————————

पटना के बहादुरगंज और आलमगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर दो करोड़ रूपये मूल्य की नकली किताब बरामद की है।

———————————————————————————————

सीतामढ़ी जिले के बैरगनिया से सीमा शुल्क विभाग की टीम ने एक ट्रक से लगभग दो सौ पैंतीस किलो नेपाली गांजा के साथ चालक और उपचालक को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————————

कटिहार जिले के नगर थाना क्षेत्र और कुर्सेला थाना क्षेत्र से पुलिस ने भारी मात्रा में कोडिनयुक्त सीरप, स्मैक और गांजा के साथ पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

सारण जिले के भेल्दी थाना क्षेत्र के मुरली सरसिया गांव से पुलिस ने एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन कर फैक्ट्री संचालक को गिरफ्तार कर लिया है।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक जागरण** की प्रमुख खबर है – बेतिया डीईओ के ठिकानों पर एसवीयू की छापेमारी, दो करोड़ नकद बरामद।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है – बीपीएससी सत्तरवां पीटी का रिजल्ट जारी। इक्कीस हजार पांच सौ इक्यासी पास।

**दैनिक भास्कर** ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है – कोसी क्षेत्र में पुनर्वास का काम जल्द होगा।

**हिन्दुस्तान** लिखता है – भारत से फिल्म अनुजा ऑस्कर की दौड़ में।

**राष्ट्रीय सहारा** ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान को प्रमुखता देते हुए लिखा है– विकसित भारत के लिए एकजुटता जरूरी।

**आज अखबार** की सुर्खी है – सर्दी का सितम रहेगा जारी, सत्ताईस को बारिश की संभावना।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. पूर्व मुख्यमंत्री और भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की एक सौ एकवीं जयंती आज। समस्तीपुर के कर्पूरी ग्राम में आयोजित कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ होंगे शामिल।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने वाले एनसीसी कैडेटों, स्वयंसेवियों, कलाकारों और जनजातीय समुदाय के अतिथियों से मुलाकात करेंगे।

03. पटना में आज हो रहा है एक दिवसीय स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव का आयोजन। ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज विजेंद्र सिंह समेत खेल जगत की कई जानी–मानी हस्तियां होंगी शामिल।

04. और, उत्तर बिहार के कुछ हिस्सों में आज सुबह हल्की बारिश होने से ठंड में बढ़ोतरी।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।